26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 13 मार्च, 2026

अंक- 138 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

आज देखो क्या हाल होता है..

निर्दोषों को मारने वाले ईरानियों को मारना 'बड़ा सम्मान'- ट्रंप

वाशिंगटन, (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज कहा कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए उन ईरानियों को मारना एक 'बड़ा सम्मान' है, जो '47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं।' श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, 'वे 47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं। और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उन्हें मार रहा हूँ। ऐसा करना कितने बड़े सम्मान की बात है!' उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी शासन को सैन्य, आर्थिक और अन्य तरीकों से 'पूरी तरह से नष्ट' कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'ईरान की नौसेना खत्म हो गई है, उनकी वायु सेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है और उनके नेताओं को भी मिटा दिया गया है।' श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास 'अद्वितीय मारक क्षमता, असीमित गोला-बारूद और पर्याप्त समय' है। उन्होंने धमकी देते हुए कहा, 'देखो इन के साथ क्या होता है।'

किराये हेतु जगह खाली है

एक मकान (लगभग 170 गज) किराये हेतु खाली है। फैक्ट्री/प्लान्ट/बेकरी/हॉलसेल बिजनेस/गोदाम आदि कार्य हेतु क्षत्रिय नगर कॉलोनी नगीना चौक के पास, धामपुर

मो. 9837973640

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

28वीं पुण्यतिथि पर शत-शत नमन

स्व. उमेशचंद सोती (पत्रकार)

(1 जनवरी 1941-13 मार्च1998)

आपके आदर्श, कर्तव्यपरायणता, काम के प्रति निष्ठा और अथक परिश्रम हमारे लिये सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। हम आपके द्वारा छोड़े गये कार्यों को पूरा करने और आपके कदमों पर चलने का संकल्प व्यक्त करते हैं। अश्रुपूर्ण नेत्रों सहित श्रद्धांजलि।

मुकेश सोती (पुत्र), **पवन कुमार सोती पत्रकार** (पुत्र), **रीता सोती-नवचेतन शर्मा** (पुत्री-दामाद), **रूपा सोती-दीपक भारद्वाज** (पुत्री-दामाद), **पंकज सोती, विवेक सोती** (भतीजे), **आयुष, शुभम, कृष्णा, अर्जुन, विनायक** (पौत्रगण), **ईशान सोती, अयांश पाराशर** (पड़पौत्र)

'स्वतंत्र आवाज़' (सा.) कचहरी रोड, बिजनौर

पवन प्रिंटर्स, बिजनौर मो. 9997726127

अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर ईरान का मिसाइल अटैक

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 14वां दिन है। ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका के बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर स्स अब्राहम लिंकन पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में जहाज को भारी नुकसान हुआ है। यह फारस की खाड़ी में तैनात था। ईरानी सेना की स्पेशल यूनिट इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) का कहना है कि हमले के बाद यह एयरक्राफ्ट कैरियर अब पीछे हट रहा है और अमेरिका की तरफ लौट रहा है। हालांकि अभी तक अमेरिकी सरकार या सेना की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं, अमेरिका का एक सैन्य विमान बोइंग KC-135 इराक क्रैश हो गया है। इस घटना के बाद इराक के एक शिया विद्रोही गुट ने दावा किया है कि उसी ने इस विमान को मार गिराया।

Modern Era Public School Nehtaur

School Code: 81912 Aff. No. 2132822

Invites applications from qualified, trained and experienced candidates for the following posts -

1. PPRT
2. PRT

SEND YOUR CV (till 17th of March 2026) to

mepsnehtaur6@gmail.com or +919870947832

FOR MORE INFORMATION: 9870947832, 9027816411

Jhalu Road Nehtaur (Bijnor)

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

बाइक और ब्रेजा कार की टक्कर में युवक घायल

कार पेड़ों को तोड़ते हुये खेत में जा घुसी

झालू (चिंगारी)। नगर में आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में बाइक और ब्रेज़ा कार की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर लगने के बाद कार पेड़ों से टकराती हुई खेत में जा घुसी।

यह हादसा नगर के गोलबाग रोड पर नंदी बिहार गौशाला के सामने हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर करीब 60 मीटर दूर तक पेड़ों को तोड़ते हुए खेत में जा घुसी।

बताया जा रहा है कि कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे, जो दुर्घटना के बाद वाहन से उतरकर मौके से चले गए। कार कस्बा झालू में संचालित एक अस्पताल के डॉक्टर की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बाइक सवार युवक को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने युवक के पास पड़ा उसका मोबाइल फोन और उसके पैसे सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिए। घायल युवक की पहचान नौशाद पुत्र अजीज निवासी मोहल्ला सादात के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह ग्राम चौकपुरी से मजदूरी के पैसे लेकर अपने घर लौट रहा था। घटना की सूचना ग्राम धर्मपुरा निवासी प्रधान शैवीर सिंह ने तुरंत पुलिस को दी। मौके पर झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार, सिपाही राजीव उर्फ फौजी, अंकुर गौतम तथा डायल 112 के सिपाही पहुंच गए और घायल युवक को अस्पताल भिजवाया।

बहन को ईद की त्यौहारी देने जा रहा युवक माहे से टकराया

पैजनिया (चिंगारी)। बृहस्पतिवार की शाम बाइक सवार बिजनौर निवासी शरीफपुर की पुलिया के निकट बाइक सवार की बाइक एक माहे से टकरा गयी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दौड़कर घायल युवक को सड़क से उठाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम कोतवाली शहर बिजनौर की चक्कर रोड निवासी फईम पुत्र कालू अपनी बाइक से नूरपुर अपनी बहन को ईद की त्यौहारी देने जा रहा था। पावटी से निकलते ही उसकी बाइक सड़क पार कर माहे से जा टकराई, जिससे फईम घायल हो गया। राहगीरों ने घायल युवक को उठाया और पास के हॉस्पिटल में उपचार कराया, उसके परिजनों को ख़बर दी। सूचना पर पहुंचे युवक के परिजन युवक को मलहम पट्टी कराकर बिजनौर ले गए।

रोक दिया नाली का पानी, कॉलोनी वालों को परेशानी

उपजिला अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कॉलोनी के नागरिक

धामपुर (चिंगारी)। ग्राम पंचायत जैतरा के मौजा नंगला गूगा में स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के त्रिवेणी ब्लॉक में पानी निकासी की समस्या को लेकर आज प्रातः कॉलोनीवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पानी निकासी की व्यवस्था कराने के साथ खसरा नंबर 251 में पक्का तालाब बनवाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी वीरेंद्र सिंह, हेमराज सिंह, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जसवंत सिंह, शिवकुमार सिंह, विनोद छाबड़ा, जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि ने उपजिला अधिकारी को दिए ज्ञापन में अवगत कराया है कि त्रिवेणी ब्लॉक में कुछ लोगों द्वारा कॉलोनी की नाली में जगह बन्ध लगाकर पानी को जबरन रोक दिया गया है, जिससे घरों का पानी नाली में जाने के स्थान पर सड़क पर बहता रहता है, इससे मक्खी, मच्छर और संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने उपजिला अधिकारी से पानी निकासी हेतु नाली को खुलवाने और खसरा नंबर 251 में पक्का तालाब बनवाए जाने की मांग की है।

पिता-पुत्रों पर लाठी-डंडे बरसाये, वीडियो वायरल

पिता-पुत्रों के साथ मारपीट करते हमलावर

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम गौसपुर में कई व्यक्तियों ने खेत पर काम करने जा रहे पिता-पुत्रों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें हमलावर दौड़-दौड़कर लाठियां बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो का मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नांगल थानांतर्गत ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर निवासी कुंवरपाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह अपने पिता अमर सिंह तथा छोटे भाई बोबी के साथ खेतों पर काम करने जा रहा था। हमलावरों के घर रास्ते में पड़ते हैं, जो कि पहले से ही घात लगाकर खड़े हुए थे, जैसे ही वे लोग उनके घर के सामने पहुंचे, उन्होंने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। कुंवरपाल का कहना है कि उसके पिता के कंधे की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है तथा उन लोगों को काफी चोटें आई हैं। कुंवरपाल ने तहरीर देकर ग्राम निवासी मनीष, धरेन्द्र उर्फ सोनू, शिवा पुत्रगण ऋषि तथा आशीष पुत्र जालिम पर रंजिशन हमला करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि विगत 9 मार्च को भी उपरोक्त आरोपियों ने उसके छोटे भाई बोबी के साथ गांव में तब मारपीट की थी, जब वह बाइक से घर आ रहा था और दूसरे पक्ष के लोग घुड़चढ़ी में डीजे पर नाच रहे थे। पुलिस ने थाने पहुंचे घायल पिता-पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराया। गांव के कई व्यक्ति प्रकरण का समझौता कराने के लिये थाने पर पहुंचे, मगर कुंवरपाल ने समझौता करने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि कुंवरपाल द्वारा दी गई तहरीर पर मनीष, धरेन्द्र उर्फ सोनू, शिवा तथा आशीष के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एक आरोपी मनीष का चालान किया गया है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद

वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:27, शिया 6:37
चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:04, शिया-4:58

निजी स्कूलों की मनमानी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नगीना (चिंगारी)। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निजी स्कूलों की मनमानी, महंगी किताबों, यूनिफॉर्म व आरटीई के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूलों में अभिभावकों के आर्थिक शोषण की अनेक शिकायतें सामने आ रही हैं। कई निजी विद्यालयों द्वारा एडमिशन फीस, महंगी किताबें, कॉपी, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म के नाम पर अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। अधिकांश स्कूल अभिभावकों को कुछ तय दुकान/बुक स्टोर से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जहां पूरा सेट एक साथ महंगे दामों पर बेचा जाता है। कई मामलों में किताबों का विधिवत बिल भी नहीं दिया जाता, जिससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। अभिभावकों के लिए भी चिंता का विषय है कि एक जैसी छोटी कक्षा में भी लगभग 14 किताबों का पाठ्यक्रम रखा गया है, जिससे किताबों का पूरा सेट तीन से पांच हजार रुपये तक पहुंच जाता है। अन्य कक्षाओं में यह खर्च छह से सात हजार रुपये या उससे अधिक हो जाता है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार कई कक्षाओं की किताबों की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि कई निजी स्कूल हर वर्ष पाठ्यक्रम और किताबों के नये संस्करण लागू कर देते हैं, जिससे पुरानी किताबें दोबारा उपयोग में नहीं आ पातीं और अभिभावकों को हर साल नया सेट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कई स्थानों पर कॉपी, स्टेशनरी और स्कूल ड्रेस भी केवल निर्धारित दुकानों से ही खरीदने का दबाव बनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के तहत गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को 25 प्रतिशत आरक्षण के बावजूद कई निजी स्कूलों द्वारा प्रवेश देने में अनाकानी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो कानून की भावना के विपरीत है। दूसरी ओर, सरकारी विद्यालयों की स्थिति भी चिंता का विषय है। प्राथमिक और बेसिक विद्यालयों में किसी तरह किताबें पहुंच जाती हैं, लेकिन माध्यमिक विद्यालयों में पिछली बार पूरे सत्र तक किताबें उपलब्ध नहीं हो पाईं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई। साथ ही सरकारी स्तर पर विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने की बात कही जाती है, लेकिन बाजार में इन किताबों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से भी समस्या पैदा होती है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

भली लगे या बुरी ...

क्या होगा युद्ध करने से?

कुछ महीने पहले अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमला कर उसकी नाभिकीय क्षमताओं को ध्वस्त करने की डींग हांकी थी, पर बाद में अनेक सूत्रों से पता चला था कि ईरान ने अपनी यूरेनियम संवर्धन सुविधाओं को अन्य ठिकानों पर हस्तांतरित कर दिया था और हमलों से उनको कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा था। इस्राइल-ईरान के कुछ महीने पहले चले युद्ध में ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमताओं का सटीक प्रदर्शन किया था और अमेरिकन बी-52 विमानों से बमबारी के बाद ही यह युद्ध थमा था। इस युद्ध के अंतिम समय में इस्राइली 'आयरन डोम' लगातार ईरानी मिसाइलों को रोकने में विफल हो रहा था जिसके कारण देश की जनता में बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ नाराजी बढ़ रही थी। पिछले महीनों में जहां इस्राइल ने अपने 'आयरन डोम' की क्षमतायें बढ़ाई हैं तथा वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत किया है, वहीं इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान ने भी अपनी मिसाइलों की मारक क्षमता और रेंज बढ़ाई है जिससे इस्राइल के साथ ही अमेरिका तथा इस क्षेत्र में अमेरिकी सैनिक अड्डों को खतरा पैदा हो गया है। ऐसे में युद्ध का विस्तार सारी दुनिया के लिए खतरनाक हो सकता है।

ईरान पर हमला पूरे क्षेत्र और दुनिया के साथ ही ईरानी जनता के लिए खासतौर से अंधकार में धकेलने वाला है। पिछले कुछ महीने से ईरानी जनता व खासकर युवक और युवतियां देश में 'अयातुल्ला' और 'इस्लामवाद' की जकड़बंदी के खिलाफ आंदोलनरत हैं। डोनाल्ड ट्रंप तथा बेंजामिन नेतनयाहू ने ईरानी जनता का आह्वान किया था कि वे इस मौके का फायदा उठा कर अपनी सरकार का तख्ता उलट दें तथा लंबे समय से जारी अन्याय व अत्याचार से मुक्ति पायें। लेकिन अयातुल्ला खामनेई व उनके वरिष्ठ साथियों के मारे जाने से ईरान व बाकी दुनिया में फैले गम और गुस्से तथा जनता के व्यापक प्रदर्शन से लगता है कि 'कट्टरपंथी इस्लामवादी' शक्तियां और मजबूत होंगी और ईरान में एक 'उदारवादी' व 'लोकतांत्रिक' सरकार बनाने का सपना धरा का धरा रह जाएगा।

आरक्षण का विस्तार या सामान्य वर्ग पर प्रहार?

भारत में आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक न्याय के एक अस्थायी उपाय के रूप में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य उन समुदायों को अवसर देना था जो ऐतिहासिक रूप से भेदभाव और सामाजिक वंचना का सामना करते रहे। लेकिन समय के साथ यह व्यवस्था एक गंभीर राजनीतिक बहस का विषय बन गई है। आज जब आरक्षण के दायरे को लगातार बढ़ाने की मांग उठती है, तो यह सवाल भी तेज़ी से सामने आता है- क्या यह सामाजिक न्याय का विस्तार है या सामान्य वर्ग पर एक और प्रहार?

देश में सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों के अवसर पहले ही सीमित होते जा रहे हैं। बेरोजगारी का संकट गहराता जा रहा है और प्रतियोगिता लगातार कठिन होती जा रही है। ऐसे समय में आरक्षण का लगातार विस्तार सामान्य वर्ग के युवाओं के बीच असंतोष पैदा कर रहा है। उन्हें यह महसूस होने लगा है कि प्रतियोगिता का मैदान उनके लिए लगातार संकुचित किया जा रहा है, जबकि उनसे उम्मीद की जाती है कि वे केवल अपनी योग्यता और परिश्रम के आधार पर सफलता प्राप्त करें।

यह भी एक विडंबना है कि आरक्षण की नीति, जो मूलत: सामाजिक संतुलन स्थापित करने के लिए बनाई गई थी, आज कई बार राजनीतिक समीकरणों का साधन बनती दिखाई देती है। चुनावी मौसम आते ही विभिन्न वर्गों को नये वादों और नई श्रेणियों के माध्यम से आरक्षण का आश्वासन दिया जाता है। इससे यह धारणा मजबूत होती है कि नीति निर्माण का आधार दीर्घकालिक सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ बन गया है।

सामान्य वर्ग के युवाओं की चिंता केवल अवसरों की कमी तक सीमित नहीं है। उनके भीतर यह भावना भी गहराती जा रही है कि उनकी समस्याओं और संघर्षों को नीति-निर्माण की प्रक्रिया में उतनी गंभीरता से नहीं सुना जाता। देश में एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो आर्थिक रूप से भी संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह आरक्षण की अधिकांश व्यवस्थाओं से बाहर है। ऐसे में जब आरक्षण का दायरा और बढ़ता है, तो उनके भीतर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या उनके लिए भी कोई समान संवेदनशीलता और न्याय है।

यह स्पष्ट है कि सामाजिक न्याय की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। जिन समुदायों ने लंबे समय तक अवसरों की कमी और भेदभाव का सामना किया है, उनके लिए विशेष नीतियां आवश्यक हैं। लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि आरक्षण की नीति संतुलित और पारदर्शी हो। यदि यह व्यवस्था निरंतर विस्तार का माध्यम बनती रही, तो यह सामाजिक समरसता के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर सकती है।

सरकारों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में हर वर्ग की आकांक्षाएं और संवेदनाएं महत्वपूर्ण होती हैं। यदि किसी बड़े वर्ग को यह महसूस होने लगे कि उसकी मेहनत और अवसरों की अनदेखी की जा रही है, तो इसका असर केवल सामाजिक वातावरण पर ही नहीं, बल्कि राजनीतिक परिदृश्य पर भी पड़ेगा।

इसलिए समय की मांग है कि आरक्षण पर एक व्यापक और ईमानदार राष्ट्रीय संवाद हो। सामाजिक न्याय और समान अवसर के बीच संतुलन बनाए रखना ही किसी भी लोकतांत्रिक समाज की सबसे बड़ी कसौटी है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो आरक्षण का विस्तार सामाजिक न्याय का साधन बनने के बजाय सामाजिक असंतोष का कारण भी बन सकता है।

डॉ. राजेंद्र चौधरी
सहायक प्रोफेसर
आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर

सपा की कांशीराम जयंती का सच

सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा जनपद स्तर पर 15 मार्च को स्वर्गीय कांशीराम जयंती मनाने के आदेश दिये हैं और जनपदों में वे ही लोग जयंती मनाने में जुटे गये हैं, जो कभी कांशीराम को अपशब्द कहते रहे हैं। इस संबंध में सपा किसी भी नेता से आप पूछेंगे कि साहब (कांशीराम) का सपा से क्या रिश्ता है, जो सपा जयंती मनाने जा रही है तो एक ही जवाब मिलेगा कि नेताजी के और साहब के बहुत अच्छे संबंध रहे हैं।

मगर राजनीति का थोड़ा भी जानकार बता देगा कि मुलायम सिंह और कांशीराम के कभी भी प्रगाढ़ संबंध नहीं रहे। कांशीराम ने तो मुलायम सिंह को गठबंधन टूटने के बाद पंचायत स्तर का नेता बता दिया था। सपा को यह भी बताना चाहिए कि कांशीराम इतने प्यारे थे, तो 2012 से आज तक कभी पार्टी को कांशीराम की याद क्यों नहीं आयी। जनपदों में न सही अपने प्रदेश कार्यालय पर ही दो पुष्प कांशीराम की तस्वीर पर चढ़ाकर जयंती मनायी हो या सोशल मीडिया पर ही याद किया हो। बल्कि जिन कांशीराम की जयंती सपा मनाने जा रही है, उनके नाम पर मायावती द्वारा बनाए कांशीरामनगर जिले का नाम अखिलेश यादव ने प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के छ: महीने के अन्दर ही बदल दिया था, उस वक्त अखिलेश यादव को याद नहीं रहा कि कांशीराम तो उनके पिता जी के बहुत करीबी और वैचारिक समानता वाले हैं।

सपा की जयंती मनाने का सच ये है कि वे 2027 में सत्ता में आने के लिए व्याकुल हैं। वह कितना ही पीडीए-पीडीए कहते रहे, 2022 के बाद से कोई भी नया वर्ग सपा से नहीं जोड़ पा रहे हैं और उसमें भी जितना मुस्लिम वोट 2022 में पड़ा था, उतना वोट 2027 में किसी सूरत में भी पड़ता दिखाई नहीं दे रहा। उनकी व्याकुलता बिहार चुनाव परिणाम से और ज्यादा बढ़ गई है, जहां राजद व कांग्रेस मिलकर भी भाजपा के मुकाबले टिक नहीं पाए। अखिलेश यादव की परेशानी का एक कारण और भी है कि योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध कोई एन्टी इनकम्बेंसी भी नहीं है उनका क्रेज उनके वोटर वर्ग में उतना ही है। उनको प्रदेश की जनता (विशेषकर भाजपा मानसिकता वाले) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है, यही कारण है अब वो दलित वोट पाना चाहते हैं, परन्तु शायद उन्हें ये नहीं पता कि उनके शासनकाल में दलित कितना असहाय महसूस करता था। दलितों के सभी प्रतीकों को मिटाने का कार्य सपा सरकार में अखिलेश यादव द्वारा ही किये गये हैं।

आज भी दलित वोट पर मायावती की गहरी पकड़ है चाहे वो सीटें नहीं जीत पाई हों। सांसद चन्द्रशेखर भी इस वोट को पाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। भाजपा अभी तक इस वर्ग को अपने साथ आज तक भी जोड़ पाने में कामयाब नहीं हुई, जबकि गेस्ट हाउस कांड में बचाने वाली और प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने वाली भाजपा ही थी। कांशीराम जयंती मनाने के पिछे का सच यही है कि सिर्फ दलित वर्ग की जनता का वोट हथियाना। अखिलेश यह नहीं जानते कि जनता की याददाश्त व सोचने की शक्ति बहुत ज्यादा है, वह इस प्रकार के जयंती मनाने से विस्मृत नहीं होने वाली।

योगेन्द्रपाल सिंह 'योगी'

KARTIK HOSPITAL
& ALFA IVF (A unit of Kartik Hospital)
ALFA IVF ADVANCED LEVEL FERTILITY ASSISTANCE
एल्फा आई.वी.एफ टैस्ट ट्यूब बेबी सैन्टर

डा. निरुपमा चौधरी
MD (प्रसूति, स्त्री रोग)
IVF स्पेशलिस्ट, सर्जन
डा. सौम्या राज चौधरी
M.S. (प्रसूति, स्त्री रोग)
IVF स्पेशलिस्ट, सर्जन

Dr. Nirupma Chaudhary
M.B.B.S., M.D. (Obs. & Gynae) FICMCH, M. FOGSI
Ian Donaldd Diploma U/S (Obs. & Gynae)
Consultant Obstetrician & Gynzeocologist, Surgeon
Hystero - Laprasopic Sugeon
Infertility & IVF Specialist
Dr. Saumya Raj Chaudhary
M.B.B.S., M.S. (Obs. & Gynae)
Infertility & IVF Specialist

का विशेष निःशुल्क
निःसंतानता
IUI, IVF हेतु विशेष
परामर्श शिविर

Dr. Rajeev Chaudhary
M.S. (E.N.T.)
Senior Consultant & Surgeon
for Ear, Nose & Throat
Nasal Endosopist
Andrologist for IVF
Dr. Sunil Chaudhary
M.B.B.S., Dip. Ian Donold U/S
Ultrasonologist

दिनांक- 15 मार्च, 2026, समय- 12 बजे से 3 बजे तक, रजिस्ट्रेशन समय- 10 से 11 बजे
कैम्प में निःशुल्क सेवाएंः- प्रथम परामर्श, प्रथम अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड प्रेशर, बेसिक पैथोलॉजी जाँच(HB, Sugar, CBC)
सेवाएंः- फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, TESA, TESE, PESA, भ्रूण फ्रीजिंग, गर्भाशय में रसोली, अण्डों मे खराबी, नलों की जाँच एवं इलाज, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी
01342-260394, 9927583422, 8474934509 IVF HELPLINE 9927583422

बारात की बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से एक की मौत, दर्जनों बाराती घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रायपुर मार्ग पर बीती रात बारात की बस के लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना पर तत्काल नगीना देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से उपचार के लिए नगर के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। घटना के कुछ देर बाद ही नगीना सीओ व एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने घटना के बारे में जानकारी ली। नगीना देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम समीपुर निवासी अनिकेत पुत्र गोविंद सिंह की बारात रायपुर स्थित एक बैंकट हॉल में जा रही थी, इस दौरान बस में सवार होकर काफी बाराती समीपुर से रायपुर के लिए निकले तो रास्ते में ग्राम अकबरपुर आंवला के सामने रायपुर की ओर से नजीबाबाद की तरफ जा रहे लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली से बस की टक्कर हो गई। जिसमें लगभग 24 लोग अभिषेक निवासी ग्राम इस्सेपुर हमीद बिजनौर, उमेश मकबरा, हर्ष व गुड्डू ग्राम स्याऊ चांदपुर, सतेन्द्र, पीकू, रामनिवास, आदी ग्राम तिसोतरा, हंसपाल, रोहित, मुकेश, संयम, कुनाल, यश, इलियास निवासीगण समीपुर, दीपक व रामवन्द्र निवासी दिल्ली घायल हो गये। जिनका इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। इलाज के दौरान 60 वर्षीय शमशेर सिंह पुत्र घसीटा सिंह निवासी ग्राम समीपुर की मौत हो गई। जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जबकि एक 13 वर्षीय बच्चा आदी व बस चालक इलियास की हालत गभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर क्रेन बुलवाकर दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया। जिसके बाद रात्रि लगभग 12 बजे उक्त मार्ग से वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

कांशीराम जयंती पर आयोजित किया जाएगा निःशुल्क शिविर

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आजाद बेग के आव्हान पर स्वास्थ्य सृजन अभियान के तहत कांशीराम की जयंती के शुभअवसर पर 15 मार्च को उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में नजीबाबाद कांग्रेस के अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित रविदास धर्मशाला में नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से 15 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उनके खून की जांच व दवा भी निःशुल्क दी जाएगी। रईस कुरैशी ने सभी क्षेत्रवासियों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

श्री खाटू श्याम के भव्य महोत्सव की तैयारी शुरू

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री खाटू श्याम सरकार सेवा ट्रस्ट की ओर से 14 एवं 15 मार्च को होने जा रहे चतुर्थ भगवान श्री खाटू श्याम के भव्य महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। 14 मार्च को दोपहर 2 बजे से निशान यात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो पर होते हुए रामलीला ग्राउंड को प्रस्थान करेगी तथा बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 15 मार्च को श्री खाटू श्याम भगवान का भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से अपनी प्रस्तुति देने के लिए अमन सांवरिया रुद्रपुर, सनी चड्ढा मुरादाबाद, रितिका नामदेव मेरठ एवं विभिन्न कलाकार मौजूद होंगे। मीटिंग में विवेक अग्रवाल, शुभम चौधरी, अंकित नामदेव, राहुल वर्मा, अर्पित वर्मा, अमन वर्मा, हितेंद्र सिंह, मोंटू, विक्रांत नागर, राहुल कश्यप, हिमांशु अग्रवाल, आकाश चौधरी, शिव सैनी, नकुल वर्मा, आदित्य वर्मा, शुभम वर्मा, शुभम अरोरा, नीतीश सिंघल, शैलेश कुमार, कमल महाराज, विनायक गुप्ता, वंश, आनन्द, सुभाष प्रजापति, शिवम चौधरी, गौरव शर्मा मौजूद रहे।

पीएम व सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक युवक द्वारा पूर्व में पीएम व सीएम के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था। पूर्व सांसद की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने गुरूवार को आरोपी अदनान पुत्र मौहम्मद अनवर निवासी मौहल्ला मिर्दगान बिजनौर को गिरफ्तार कर उसके पास से उक्त घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग SHEHBAZ थी। अब मैने अपने नाम की स्पेलिंग SHEHBAZ PARVEEN रख ली है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम की स्पेलिंग से जाना व पहचाना जाये।
SHEHBAZ PARVEEN W/O FAZLUR REHMAN
MOH JABATA GANJ
NAJIBABAD BIJNOR UP 246763

धामपुर शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'हम अपने लिए कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन अपने परिवार के लिए सब कुछ होते हैं' इसलिए सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में विवेक सिंह यादव महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रतिदिन आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। सुरक्षा विभाग द्वारा संस्थान में उपलब्ध सभी सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें मुख्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण बर्नी द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप प्रबंधक प्रशासन शरद गहलौत द्वारा हेलमेट स्टॉल लगाकर कंपनी की 'नो प्रॉफिट नो लॉस' योजना के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को विभागाध्यक्षों एवं यूनिट हेड्स द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिवाकर गुप्ता, पवन शर्मा, स्मृति यादव, अर्पण सैनी, शांतनु दीक्षित, चंदन कुमार पाल, सचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, रजनीश कुमार, शिवम, ज्ञानवीर सिंह, नरदेव सिंह, शेखर कुमार, गौरव कुमार, शिव चरण, सौरभ कुमार, रामकिशन, मोहित कुमार, विजय कुमार एवं दीपु रतोलिया शामिल रहे।

श्रमिक को सम्मानित करते हुए मिल अधिकारी।

इनकी उपस्थिति रही

समापन समारोह में उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता , भारत भूषण बर्नी (सेफ्टी ऑफिसर), विवेक सिंह यादव, विकास अग्रवाल, सुनील कुमार राणा, ओमवीर सिंह, उपेंद्र तोमर, मुकेश कश्यप, तरुण राणा, मोहित वशिष्ठ, पवन शर्मा, लवकुश चौहान, हारून खान, स्मृति यादव, राने सिंह, गोविंद अग्रवाल, दिवाकर गुप्ता, अरुण चौहान, अनुज मलिक, अजय कुमार पांडे, उज्ज्वल सिंह, शरद गहलौत, अर्पण सैनी सहित सेफ्टी टीम के सदस्य ओमकार सिंह, सतेंद्र कुमार, सत्यपाल सिंह , शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

एक-एक वोट की जानकारी प्राप्त करें कार्यकर्ता-सीपी सिंह

राजा का ताजपुर (चिंगारी)। भाजपा नेता सीपी सिंह ने डा. आयुष दिवाकर के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओ के बीच सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बूथ वाइज नये मतदाताओं की जानकारी ली।कार्यकर्ताओ ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व प्रभु श्री राम का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश में पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस हैं। मुनाफाखोर लोग तथा विपक्षी पार्टियां तरह तरह की अफवाह फैला रहे हैं। इन अफवाहों तथा कालाबाजारी करने वालों की सूचना प्रशासन को देकर उनके विरुद्ध कार्यवाही करायें। बूथ अध्यक्ष अपने बूथ की वोटर लिस्ट के एक एक वोट की जानकारी कर लें। यदि अभी भी वोट बनने से रह गया है तो फॉर्म 6भरकर पहल करें। कहीं कोई अधिकारी जनसमस्या को नहीं सुन रहा हैं तो उन्हें बताये। पार्टी कार्यकर्ता की हर बात को सुना जायेगा। कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा, डॉ अरुण अग्रवाल, रामकुमार सिंह, सुमित विश्वकर्मा, धर्मपाल सिंह, आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद भाजपा नेता सी पी सिंह ने दलित बस्ती में मास्टर रमेश कुमार के घर पहुंचकर उनके बेटे मनदीप सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

सीपी सिंह का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

परीक्षा देने आईं 6 छात्राएं रहस्यमय ढंग से लापता

चांदपुर (चिंगारी)। नगर स्थित एक इंटर कालेज में छात्राएं संस्कृत की परीक्षा देने के लिए आई थी। सायं 5-15 बजे पेपर समाप्त होने पर 6 छात्राएं अपने घर नहीं पहुंचीं, तो उनके परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाश करने के बाद भी छात्राओं का सुराग नहीं लग सका। इस सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी गई। एक छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर, लापता छात्राओं की तलाश शुरू कर दी है। गायब होने वाली छात्राओं में दो छात्राएं नगर की रहने वाली है, जबकि 4 छात्राएं पास के गांव की है।

मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बुधवार की शाम इफ्तार के फौरन बाद रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छतरी पट्टा निवासी दो पड़ोसियों शमशाद अल्वी व अमीर कस्सार के परिवारों में हुई मारपीट में रेहड़ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे के नामजद आरोपियों में से मुख्य आरोपी शमशाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि मुकदमे के नामजद अभियुक्त शमशाद पुत्र रमजान शाह को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका के मद्देनजर बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्यवाही करते हुए उसका चालान कर दिया, जबकि दर्ज किए गए मुकदमे की जांच की जा रही है।

मारपीट के आरोपी को एसडीएम कोर्ट ले जाती रेहड़ पुलिस।

पैसों के लालच में वाहन में आग लगाने वाला गिरफ्तार

किरतपुर (चिंगारी)। पुलिस ने रुपयों के लालच में पिकअप वाहन पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के आरोपी अबुजर शमीम राईन निवासी नगर के मोहल्ला अफगानान को गिरफ्तार किया है। आर्थिक तंगी में चल रहे आरोपी का उसके रिश्तेदार ने टेलीग्राम के माध्यम से एक व्यक्ति से संपर्क कराया था, जिसने उसे वाहनों में आग लगाने के बाद वीडियो बनाकर भेजने पर धन का लालच दिया था। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

थाना पुलिस के अनुसार निमिष रस्तोगी ने दस मार्च को तहरीर देकर बताया था कि चार मार्च को किसी ने उनकी पिकअप गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जांच में अबुजर शमीम का नाम सामने आया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुरुग्राम (हरियाणा) में सैलून पर काम करता है। बीमारी और आर्थिक तंगी के कारण उसने अपने रिश्तेदार जैद निवासी लुकमानपुरा, किरतपुर से मदद मांगी थी। जैद ने उसका संपर्क अबूबकर नामक व्यक्ति से टेलीग्राम के माध्यम से कराया, जिसने वाहनों में आग लगाने के लिए उकसाया और रुपये देने का लालच दिया। आरोपी के अनुसार आठ दिन पहले रात में उसने मोहल्ला झंडा में मंदिर के सामने खड़ी एक पिकअप गाड़ी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और घटना का वीडियो बनाकर टेलीग्राम के जरिए जैद को भेज दिया। घटना के बाद वह गुरुग्राम चला गया था।

पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को आरोपी गुरुग्राम से किरतपुर आया था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना से नगर के लोग उस समय चिंतित हो गए, जब आरोपी ने पैसे लेकर घटना करना बताया। नगर के लोगो ने पुलिस प्रशासन से मांग की है इस मामले की निष्पक्ष गहन जांच कराई जाए। ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, जो युवाओ को पैसे का लालच देकर हिंदू-मुस्लिम एकता को कमजोर करना चाह रहे है। जैद और अबुबकर के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

ज़िले में कुकिंग गैस, पेट्रोल व डीज़ल की कोई कमी नहीं- डीएम

अफ़वाहों के कारण बढ़ी बुकिंग से सर्वर पर लोड

25 दिन के अंतराल से होगी दो सिलेंडरों की बुकिंग

जमाखोरी व कालाबाज़ारी पर प्रशासन की सख़्त निगरानी

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफ़वाहों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस सहित आवश्यक ईंधन का पर्याप्त रिजर्व स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

डीएम ने बताया कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फैली अफ़वाहों के कारण उपभोक्ताओं द्वारा अचानक अधिक संख्या में गैस बुकिंग की जा रही है, इससे सर्वर पर अधिक लोड पड़ने के कारण बुकिंग प्रक्रिया में तकनीकी समस्या आ रही है, जिसे ठीक कराया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि घरेलू गैस

सिलेंडरों की बुकिंग प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब दो सिलेंडरों की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल अनिवार्य किया गया है।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध भंडारण, जमाखोरी या कालाबाजारी को रोकने के लिए आपूर्ति विभाग की टीमें लगातार जांच कर रही हैं। प्रशासन पूरी स्थिति पर गंभीरता से नज़र बनाए हुए है। साथ ही तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों ने भी पहले की तुलना में सप्लाई बढ़ाए जाने की सूचना दी है।

डीएम ने आमजन से अपील की है कि अफ़वाहों पर ध्यान न दें। जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। यदि किसी उपभोक्ता को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, बिजनौर के मोबाइल नंबर 7839564755 पर संपर्क कर सकता है। उनकी समस्या का नियमानुसार तत्काल समाधान किया जाएगा।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:27, शिया 6:37
चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:04, शिया-4:58

लखनऊ में इफ़्तार पार्टी में अखिलेश यादव से मिले तसलीम इदरीसी

नूरपुर (चिंगारी)। बृहस्पतिवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यमंत्री यामीन खान की ओर से एक विवाह मंडप में रोज़ा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ़्तार पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी शामिल हुए। इफ़्तार पार्टी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश पर प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी ने भी शिरकत की। तसलीम अहमद ने मीडिया को बताया कि वह यामीन खान के निमंत्रण पर लखनऊ गए थे। तसलीम अहमद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सपा मुखिया

अखिलेश यादव को सम्मानित करते हुए तसलीम अहमद।

अखिलेश यादव को लखनऊ के रूमी गेट की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर साहिल खान, साजिद सैफ़ी, अदनान खान आदि उपस्थित रहे।

कालागढ़ में एक बार फिर शुरु हुई राफ्टिंग

एसडीएम धामपुर ने किया शुभारंभ,पर्यटक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक ले सकेंगे आनंद

अधिकारियों का स्वागत करते हुए ज्ञाननंदिनी व शुभम तोमर।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। कालागढ़ में स्थित रामगंगा नदी में गुरुवार को पर्यटकों के लिए एक बार फिर राफ्टिंग शुरु कर दी गई है, जिसका शुभारंभ गुरुवार की अपराह्न उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर किया। राफ्टिंग के पुन: शुरू हो जाने से क्षेत्रवासियों में उत्साह नज़र आया। पहले दिन अतिथियों के अतिरिक्त आधा दर्जन से अधिक पर्यटकों ने राफ्टिंग की। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ज्ञान नंदिनी एवं शुभम तोमर ने एसडीएम स्मृति मिश्रा व अन्य अतिथिगण को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। एसडीएम स्मृति मिश्रा ने कहा कि राफ्टिंग के पुन: शुरू होने से क्षेत्र की पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान बनेगी। राफ्टिंग के प्रबंधक/ एक्सप्लोर इंडियन एडवेंचर के डायरेक्टर ज्ञान नंदिनी एवं शुभम तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार पर्यटक रामगंगा नदी में 4 कि.मी. दूरी तक राफ्टिंग का आनंद ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित टीम की निगरानी में पर्यटक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राफ्टिंग का आनंद ले पाएंगे। उद्घाटन अवसर पर अंकित कुमार (आईपीएस) व कुणाल कुमार (आईएएस) सहित क्षेत्र के कई पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व बहुत से पर्यटक मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

18 स्टोन क्रेशर स्वामियों को नोटिस जारी

अवैध खनन पर भू-स्वामी पर 4.21 लाख का अर्थदंड

बिजनौर (चिंगारी)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में तहसील नजीबाबाद में स्थापित/ संचालित 26 स्टोन क्रेशरों की उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, वरिष्ठ संर्वेक्षक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग बरेली एवं राजस्व टीम द्वारा 20 फरवरी को जांच की गयी। जांच टीम को निरीक्षण के समय 8 स्टोन मौके पर बन्द पाये गये। संयुक्त टीम द्वारा शेष 18 स्टोन क्रेशरों की जांच किये जाने पर मौके पर उपलब्ध उपखनिज एवं पोर्टल पर प्रदर्शित उपखनिजों की मात्रा में अन्तर पाये जाने पर संयुक्त जांच आख्या प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने उक्त 18 स्टोन क्रेशर स्वामियों/पार्टनर को नोटिस निर्गत किये गये हैं। इसी प्रकार तहसील

नगीना में स्थापित / संचालित 13 स्टोन क्रेशरों की उपजिलाधिकारी नगीना, वरिष्ठ सर्वेक्षक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग बरेली एवं राजस्व टीम द्वारा 25 फरवरी को संयुक्त जांच किये जाने पर मौके पर उपलब्ध उपखनिज एवं पोर्टल पर प्रदर्शित उपखनिजों की मात्रा में अन्तर पाये जाने पर, संयुक्त जांच आख्या प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने उक्त 13 स्टोन क्रेशर स्वामियों/पार्टनर को नोटिस निर्गत किये गये हैं। इसके अलावा साधारण मिट्टी का अवैध खनन किये जाने पर रामकुमार पुत्र श्री घसीटा, निवासी-ग्राम भनेड़ा व तहसील नजीबाबाद, जनपद-बिजनौर को नोटिस निर्गत किया गया था। उक्त नोटिस का प्रतिउत्तर न दिये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा भू-स्वामी पर रुपये 4,21,000/- का अर्थदण्ड आरोपित करते हुए, आरोपित धनराशि 07 दिवस के भीतर जमा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

रोज़ा : आत्मशुद्धि, संवेदना और सेहत का संगम

-परवेज आदिल माही

रमज़ान का पवित्र महीना केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह स्वयं को तपाकर कुंदन बनाने की एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इस्लाम में रोज़ा (व्रत) न केवल इबादत है, बल्कि यह अनुशासन, मानवता और स्वास्थ्य का एक अद्भुत मिश्रण है।

रोजे का बुनियादी मकसद 'तकवा' (ईश-परायणता) हासिल करना है। इसका अर्थ है अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण पाना। जब एक व्यक्ति भीषण गर्मी और प्यास में भी पानी की एक बूंद नहीं पीता, तो वह असल में अपने संकल्प और इच्छाशक्ति को मजबूत कर रहा होता है। यह इंसान को अनुशासन सिखाता है और बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा देता है।

रोजा या व्रत प्राचीन परंपरा है। लगभग हर सभ्यता और धर्म में उपवास को स्थान दिया गया है।

पवित्र कुरान में रोजे को लेकर स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया है, जो इसके आध्यात्मिक और व्यावहारिक पहलुओं को परिभाषित करता है।

सूरा अल-बकरा (2183) में कहा गया है ऐ ईमान वालों! तुम पर रोजे फर्ज किए गए, जैसे तुमसे पहले के लोगों पर फर्ज किए गए थे, ताकि तुम मुत्तकी (संयमी और अल्लाह से डरने वाले) बन जाओ।

यहां स्पष्ट है कि रोजे का लक्ष्य केवल भूखा रहना नहीं, बल्कि 'तकवा' यानी चरित्र की शुद्धता हासिल करना है।

कुरान हमको सिखाता है कि धर्म बोझ नहीं है। यदि कोई बीमार है या यात्रा पर है, तो वह बाद में इन दिनों की भरपाई कर सकता है (सूरा 2184-185)। कुरान का यह संदेश ईश्वरीय न्याय और दया का प्रतीक है। अर्थात इंसान की जान महत्वपूर्ण है और उसको प्रताणित करना उसका उद्देश्य नहीं है।

सभी धर्मों में उपवास का महत्व

सनातन धर्म में उपवास या व्रत को 'तप' माना गया है, जो शरीर और मन की शुद्धि के लिए अनिवार्य है।

ईसाई धर्म में 'लेंट' (Lent) के दौरान 40 दिनों के उपवास की परंपरा है, जो त्याग और पश्चाताप का प्रतीक है।

यहूदी धर्म में 'योम किप्पुर' जैसे विशेष अवसरों पर यहूदी समुदाय में पूर्ण उपवास रखने का विधान है।

जिससे स्पष्ट होता है कि ईश्वर की निकटता प्राप्त करने के लिए शरीर को भौतिक सुखों से दूर रखने का विचार सर्वव्यापक है।

रोजा व्यक्ति की सोच को संकीर्णता से निकालकर व्यापकता की ओर ले जाता है। यह इंसान को केवल अपने बारे में सोचने के बजाय पूरी मानवता के प्रति संवेदनशील बनाता है। एक सच्चा रोजेदार वही है जिसकी जुबान से किसी का दिल न दुखे और जिसके हाथ हमेशा मदद के लिए उठें।

महापुरुषों ने उपवास को आत्मिक शक्ति का स्रोत बताया

इतिहास में ऐसे कई महापुरुष हुए हैं जिन्होंने उपवास को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक और राजनीतिक शक्ति का स्रोत बनाया।

पैगंबर मोहम्मद (सल्ल.) रमज़ान के रोज़ों के साथ-साथ रमज़ान के अंतिम 10 दिनों में 'ऐतिकाफ' (मस्जिद में एकांतवास) करते थे। इस दौरान वे दुनिया से हटकर पूरी तरह ईश्वर के ध्यान में मग्न रहते थे, जिससे पता चलता है कि आत्मिक विकास के लिए समय-समय पर दुनिया के शोर से दूर होना आवश्यक है।

बाइबल के अनुसार, ईसा मसीह ने रेगिस्तान में 40 दिन और 40 रातें उपवास में बिताईं। इस कठिन उपवास के माध्यम से उन्होंने शैतानी प्रलोभनों पर विजय प्राप्त की और अपनी आध्यात्मिक यात्रा को नई ऊंचाई दी। आज 'लेंट' के उपवास इसी की याद में रखे जाते हैं। ज्ञान प्राप्ति से पहले बुद्ध ने कठोर उपवास किए थे। हालांकि, बाद में उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाया।

उनके अनुभवों ने दुनिया को सिखाया कि शरीर को अत्यधिक कष्ट देना भी उचित नहीं है और बिल्कुल विलासिता में डूबे रहना भी गलत है। संयम ही निर्वाण का मार्ग है। महात्मा गांधी ने अपने जीवन में अनगिनत बार उपवास किए। उनके लिए उपवास 'आत्मा की पुकार' था। उन्होंने सिद्ध किया कि उपवास से न केवल शरीर शुद्ध होता है, बल्कि यह अन्याय के खिलाफ सबसे बड़ा अहिंसक हथियार है। 21 दिनों के उनके प्रसिद्ध उपवासों ने देश में सांप्रदायिक एकता और आत्म-निरीक्षण की लहर पैदा की थी।

रमज़ान का महीना इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसी माह में कुरान का अवतरण शुरू हुआ, जो पूरी मानवता के लिए 'हिदायत' (मार्गदर्शन) है।

मानवीय संवेदना जगाता है रोज़ा

आधुनिक विज्ञान भी अब 'इंटरमिटेंट फास्टिंग' के लाभ मान रहा है। रोज़ा रखने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है। साल भर काम करने वाली मशीनरी को अपनी मरम्मत का समय मिल जाता है। शरीर में जमा विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। उपवास से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है और तनाव कम होता। सूरज निकलने से पहले भोजन (सहरी) करना केवल ऊर्जा के लिए नहीं, बल्कि सुन्नत (हजरत मौहम्मद द्वारा की गयी परंपरा) भी है। अक्सर हम संपन्नता में यह भूल जाते हैं कि भूख क्या होती है। रोज़ा एक समृद्ध व्यक्ति को उस पीड़ा का अहसास कराता है, जिसे एक निर्धन व्यक्ति रोज झेलता है। जब एक रोजेदार को भूख और प्यास की शिद्दत महसूस होती है, तो उसके भीतर मानवीय संवेदना जागती है। यही वह एहसास है जो व्यक्ति को 'जकात' (दान) और सेवा के लिए प्रेरित करता है, जब हम सारा दिन प्यासे रहते हैं, तो शाम को पानी की एक बूंद की कीमत समझ आती है। यह हमें ईश्वर की दी हुई नियामतों (आशीर्वादों) के प्रति शुक्रगुजार बनाता है।

> शाम को व्रत खोलना धैर्य की जीत का उत्सव है। सामूहिक रोज़ा इफ़्तार सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देता है, जहां अमीर-गरीब एक ही दस्तरख्वान पर बैठते हैं, तो सामाजिक ऊंच-नीच की दीवारें गिर जाती हैं।

वैश्विक जागरुकता का प्रतीक है अल कूद्स डे

अल कूद्स डे हर वर्ष रमज़ान के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाने वाला एक ऐसा दिवस है, जो फिलिस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने और यरुशलम, जिसे अरबी में अल-कूद्स कहा जाता है, के धार्मिक तथा ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। दुनिया के अनेक देशों में इस दिन सभाएं, शांतिपूर्ण रैलियां, विचार गोष्ठियां और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य यह होता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान फिलिस्तीन से जुड़े राजनीतिक, मानवीय और सामाजिक प्रश्नों की ओर आकर्षित किया जाए तथा इस विषय पर संवाद को प्रोत्साहित किया जाए।

यरुशलम विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक है और इसका इतिहास हजारों वर्षों तक फैला हुआ है। यह शहर तीन प्रमुख धर्मों-इस्लाम, ईसाई धर्म और यहूदी धर्म की आस्था का केंद्र रहा है। मुसलमानों के लिए यहां स्थित अल अक्सा मस्जिद इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है और इसे किबलये अव्वल भी कहते हैं। इस्लामी परंपरा के अनुसार यही वह स्थान है, जहां से पैगंबर मुहम्मद ने मेराज की आध्यात्मिक यात्रा आरंभ की थी। इसी कारण दुनिया भर के मुसलमानों के लिए यरुशलम का धार्मिक महत्व बहुत गहरा है। ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए भी यह शहर अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यीशु मसीह के जीवन से जुड़ी कई ऐतिहासिक घटनाएं इसी क्षेत्र में मानी जाती हैं। यहूदी धर्म में भी यरुशलम को पवित्र नगर माना जाता है, जहां प्राचीन काल में यहूदी मंदिर स्थित था। इन सभी कारणों से यह शहर सदियों से धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है।

अल-कूद्स डे की शुरुआत 1979 में ईरान के नेता रुहुल्ला खुमेनी द्वारा की गई थी। उन्होंने यह प्रस्ताव रखा कि रमज़ान के अंतिम शुक्रवार को दुनिया भर में ऐसा दिन मनाया जाए जो फिलिस्तीन के लोगों के प्रति समर्थन और सहानुभूति को व्यक्त करे। इस विचार के पीछे यह उद्देश्य था कि वैश्विक स्तर पर फिलिस्तीन के मुद्दे के प्रति जागरुकता बढ़े और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस विषय पर अधिक ध्यान दे। समय के साथ यह दिन विभिन्न देशों में अलग-अलग रुपों में मनाया जाने लगा। कई स्थानों पर धार्मिक सभाएं आयोजित की जाती हैं, जबकि कई जगह सामाजिक और राजनीतिक चर्चाएं भी होती हैं जिनमें क्षेत्रीय परिस्थितियों, मानवाधिकारों और शांति की संभावनाओं पर विचार किया जाता है।

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस दिन के आयोजन अलग-अलग स्वरुप में दिखाई देते हैं। कुछ देशों में लोग शांतिपूर्ण मार्च या सभाओं के माध्यम से अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं, जबकि कुछ स्थानों पर शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों द्वारा चर्चा सत्र आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में इतिहासकार, धार्मिक विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक विश्लेषक भाग लेते हैं और इस विषय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा वर्तमान परिस्थितियों पर विचार साझा करते हैं। इन चर्चाओं का उद्देश्य लोगों को जानकारी देना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के व्यापक संदर्भ से परिचित कराना होता है।

आधुनिक समय में यह दिवस केवल धार्मिक भावना से जुड़ा हुआ कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक जागरुकता का प्रतीक बन गया है। यह दिन लोगों को इतिहास, संस्कृति, राजनीति और मानवाधिकार जैसे विषयों पर विचार करने का अवसर देता है। इसके माध्यम से यह संदेश भी सामने आता है कि अंतरराष्ट्रीय समस्याएं केवल किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकता है।

-अफजाल अब्बास जैदी
वरिष्ठ पत्रकार

जुमातुल विदा

इबादत, एहतेसाब और तजदीद - ए-अहद का पैग़ाम

रमज़ान मुबारक अल्लाह तआला की बेहिसाब रहमतों, मग़फ़िरत और बरकतों का महीना है। इस मुबारक महीने के आख़िरी जुमे को जुमातुल विदा कहा जाता है। यह दिन मुसलमानों के लिए बड़ी अहमियत और रूहानियत रखता है, क्योंकि इस मौके पर रमज़ान की बरकतें अपने इख़तितामे के करीब होती हैं और अहले-ईमान अपने आमाल का मुहासबा करते हुए अल्लाह तआला की बारगाह में ज़्यादा से ज़्यादा रुजू करते हैं। इस्लाम में जुमे के दिन को वैसे ही बड़ी फ़ज़ीलत और अज़्मत हासिल है। अहादीस-ए-मुबारका में जुमे को तमाम दिनों का सरदार क़रार दिया गया है। इसी दिन हज़रत आदम (अलैहिस्सलाम) की तख़लीक़ हुई, इसी दिन उन्हें जन्नत में दाख़िल किया गया और इसी दिन उन्हें ज़मीन पर उतारा गया। हदीस में यह भी बयान हुआ है कि जुमे के दिन एक ऐसी घड़ी होती है, जिसमें बंदे की दुआ रद्द नहीं की जाती। इसी वजह से मुसलमान इस दिन ख़ास एहतिमाम के साथ नमाज़-ए-जुमा अदा करते हैं, गुस्ल करते हैं, ख़ुशबू लगाते हैं और क़ुरआन की तिलावत व ज़िक्र-ओ-अज़्कार में मशग़ूल रहते हैं। जब यही मुबारक दिन रमज़ान के आख़िरी जुमे की शक्ल में आता है तो उसकी रूहानियत और अहमियत और भी बढ़ जाती है। जुमातुल विदा दरअसल इस हक़ीक़त की याद दिलाता है कि रमज़ान का क़ीमती महीना अब रुख़सत होने वाला है। इस मौके पर मुसलमान अपने रब के सामने अज्ज़-ओ-इन्किसारी के साथ दुआ करते हैं कि इस महीने में की गई इबादतों को क़ुबूल फरमा ले और हमारी कोताहियों को माफ़ कर दे।

जुमातुल विदा हमें यह पैग़ाम भी देता है कि रमज़ान के बाद भी नेकियों का सिलसिला जारी रहना चाहिए। अगर इस महीने में नमाज़ की पाबंदी, क़ुरआन की तिलावत, सदक़ा-ओ-ख़ैरात और हुस्न-ए-अख़लाक़ की आदत पैदा हो गई है, तो उसे पूरे साल बरक़रार रखना ही रमज़ान की असली कामयाबी है।

रमज़ान दरअसल इंसान की तरबियत का महीना है, जो हमें सब्र, तक़वा, हमदर्दी और ख़ौफ़-ए-ख़ुदा का सबक़ देता है।

इस मुबारक दिन मुसलमानों को चाहिए कि वे ज़्यादा से ज़्यादा इस्तिग़फ़ार करें, दरूद शरीफ़ पढ़ें, क़ुरआन करीम की तिलावत करें और अपने गुनाहों की माफ़ी मांगें। साथ ही समाज के ग़रीब और ज़रूरतमंद लोगों की मदद करें तथा आपसी मोहब्बत, भाईचारे और इत्तेहाद को फ़रोग़ दें।

आख़िर में यही कहा जा सकता है कि जुमातुल विदा सिर्फ़ एक दिन नहीं, बल्कि एक रूहानी पैग़ाम है, जो हमें याद दिलाता है कि ज़िंदगी का हर लम्हा अल्लाह की रज़ा के मुताबिक़ गुज़ारने की कोशिश की जाए। अगर हम रमज़ान की रूह को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा बना लें, तो यही महीना हमारे लिए दुनिया और आख़िरत दोनों में कामयाबी का ज़रिया बन सकता है।

अल्लाह तआला हमें रमज़ान मुबारक की बरकतों से भरपूर फ़ायदा उठाने और अपनी ज़िंदगी को तक़वा और नेकियों के रास्ते पर कायम रखने की तौफ़ीक़ अता फरमाए। आमीन।

-मुजीबुर्रहमान
विकास खण्ड कार्यालय
बेसिक शिक्षा परिषद
(अफज़लगढ़)
जनपद बिजनौर

जुमा अलविदा आज या अगला?

आने वाले जुमे या शनिवार को मनाई जाएगी ईद

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। इस माहे रमज़ान का आने वाला हर रोज अब अलविदा होगा, क्योंकि आने वाले बरोज जुमा या शनिवार को ईद-उल-फित्र का त्यौहार मनाया जाएगा। आज के जुमे को भी मुसलमानों ने अलविदा जुमा मानकर नमाज-ए-जुमा अलविदा पढ़ी, लेकिन आने वाला जुमा भी इस रमज़ान का अलविदा जुमा हो सकता है, जो चांद दिखाई देने पर निर्भर करेगा। इस्लामिक त्यौहार चांद दिखाई देने पर आधारित होते हैं। इस्लामिक महीने अक्सर 29 या 30 दिनों के होते हैं। इस बार चांद अगर 29 दिन के रोजे पूरे होने पर दिखाई दिया तो आज का यह जुमा अलविदा माना जाएगा और अगले जुमे को ईद-उल-फित्र मनाई जाएगी, लेकिन अगर चांद रमजान के 30 दिन पूरे होने के बाद नज़र आया तो आने वाला जुमा इस माहे रमजान का अलविदा जुमा होगा और अगले दिन शनिवार को ईद-उल-फित्र का त्यौहार मनाया जाएगा। यानी चांद दिखाई देने पर मनाया जाने वाला ईद उल फित्र का त्यौहार आगामी 20 या 21 मार्च को मनाया जाना है। मुसलमान खासकर रोजेदारों में करीब आ रहे ईद-उल-फित्र के त्यौहार को लेकर खुशियों का माहौल है और वह इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। खुशियों के इस त्यौहार पर लोगों ने घरों की सफाई का काम भी तेजी के साथ शुरू कर दिया। कपड़े वगैरह तमाम जरूरी सामान की खरीदारी के लिए बाजारों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। अब ईद-उल-फित्र करीब है और इस माहे रमजान-उल-मुबारक का आने वाला हर दिन अब आखिरी है।

भाजपा की मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

नूरपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत नूरपुर के एक विवाह मंडप मे मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक डा. इन्द्रदेव सिंह व पूर्व राज्यमन्त्री महावीर सिंह,मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने भारत माता एव पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। डा. इन्द्रदेव सिंह ने प.दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के दौरान भाजपा नेता सीपी सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ के बारे मे जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बोबी' ने कार्यकर्ताओ से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने का आव्हान किया। मंच का संचालन मंडल महा मन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में क्षेत्रीय मन्त्री हरजिंदर कौर,नगर पालिका अध्यक्ष डा. एम.पी.सिंह,मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल, प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला संयोजक डा. विनित देवरा,डीसीएफ चैयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, मंडल महामन्त्री सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रमोहन चौहान,जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि,गजेंद्र सिंह, गुरवेन्द्र सीटू,प्रदीप कुमार राणा,मंडल मंत्री राहुल यादव, राजेश चौहान, सुरेंद्र पाल,सतीश कुमार,मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह,भाजपा नेता कविश राणा,वसीम सैफी, शीला राणा,कमलेश प्रजापति,भावना जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी,पूर्व मंडल मंत्री मुकेश भुइयार, राशू चौहान,जुगनु चौधरी, ईशमपाल चौधरी,जागेश शर्मा, विवेक चौधरी,पुनित चौधरी,हरभजन सिंह, हरेन्द्र सिंह जोहरी,उदयवीर त्यागी आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

हिन्दी में रोजगार के विशेष अवसर- प्रो. अरुण देव

वर्धमान कालेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज बिजनौर के हिंदी विभाग द्वारा गुरूवार को 'वर्तमान समय में हिंदी साहित्य की उपयोगिता' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शशिप्रभा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि हिंदी साहित्य, व्यक्तित्व के निर्माण के साथ साहित्यिक भावनाओं को प्रकट करने व समझने का एक सरल माध्यम है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर अरुण देव साहू जैन कॉलेज नजीबाबाद ने अपने व्याख्यान में बताया कि साहित्य ही वह आधार है, जो सभी रोजगार की मूल स्थापना को समृद्ध करता है। चाहे वकील, वैज्ञानिक, इतिहासकार, भूगोलवेत्ता किसी भी विषय का व्यक्ति हो, उनको कला व साहित्य ही आपस में बांधता है। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान समय में साहित्य के माध्यम से राजभाषा अधिकारी, प्रेस मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, अनुवादक जैसे कई विशिष्ट रोजगार पा सकते हैं। साथ ही विश्व के कई देशों में हिंदी को लेकर नए रोजगार का सृजन हो रहा है। इसी क्रम में प्रोफेसर राजेश यादव ने कहा कि हिंदी ही है, जो सबको बांधती है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजू बंसल ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओ.पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. रीना प्रताप सिंह, डॉ. पूजा सिंह व डॉ. आयुष बघेल के अलावा लगभग 65 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

33 माह से सड़क उखड़ी पड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं बड़ी

शिवसेना ने दिया डीएम को ज्ञापन

चांदपुर (चिंगारी)। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने चांदपुर-बिजनौर व गजरौला मार्ग के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराये जाने के लिए शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह के नेतृत्व में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बिजनौर पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि फादरसन पब्लिक स्कूल से जेपी पब्लिक स्कूल तक की सड़क की साइडे पिछले लगभग 33 माह से उखड़ी पड़ी रहने से उधर से गुजरने वालो को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ज्ञापन में सड़क की दोनों साइडो को शीघ्र से शीघ्र बनवाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख चौ वीर सिंह, युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता,विकुल चौधरी,शशि कुमार रवि, धर्मेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, अंतरिक्ष कौशिक, शोभित कुमार, महिपाल सिंह,आकाश कुमार आदि शिवसेना कार्यकर्ता थे।

पशुशाला में लगी आग, एक पशु की मौत दो घायल

स्योहारा (चिंगारी)। बृहस्पतिवार की सुबह क्षेत्र के गांव अमीरपुर निवासी एक व्यक्ति की पशुशाला के छप्पर मे अचानक आग लग गयी, जिसमें बंध रहे तीन गोवंशीय पशु बुरी तरह झुलस गये, जिसकी सूचना पुलिस और पशु चिकित्सक को दी गयी। अमीरपुर निवासी युद्धवीर सिंह ने 112 को सूचना दी कि उसकी पशुशाला के छप्पर मे आग लगी है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुची और आग बुझाने का प्रयास किया। आग की तेज लपटों ने तीन गोवंशीय पशुओं को बुरी तरह झुलसा दिया था। तीनों पशुओं को निकाला गया और पशु चिकित्सक को सूचना दी गई। घायल पशुओं का उपचार किया गया। इस बीच एक गोवंशीय पशु की मौत हो गयी जिसका पोस्टमार्टम किया गया और बाद दफनाया गया। अन्य दो घायल पशुओं का ईलाज चल रहा है।

रोजगार मेले के प्रचार हेतु वाहन रवाना

प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिलाधिकारी

बिजनौर (चिंगारी)। श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता में महात्मा विदुर सभागार में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 17 मार्च 2026 को राजकीय आईटीआई बिजनौर में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले बृहद रोजगार मेले की तैयारी हेतु चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर मंजुल मयंक एवं जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर विशाल राठी को निर्देशित किया कि मेले में अधिक से अधिक कंपनियां एवं जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को बुलाने की व्यवस्था की जाए। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा प्रभारी मंत्री जनपद बिजनौर होंगे। बैठक के समापन उपरांत रोजगार मेले के प्रचार प्रसार हेतु जनपद में भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट बिजनौर से प्रचार वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रणविजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर मंजुल मयंक, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नजीबाबाद, अमित कुमार उपायुक्त उद्योग, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य आरिफ खान, राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा, पंकज चौधरी, रोहिताश पांडे, जीवन सिंह जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर समेत जनपद के समस्त निजी आईटीआई एवं निजी प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बनी राजेन्द्र वकील की रोज़ा इफ़्तार पार्टी

बिजनौर (चिंगारी)। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान प्रत्याशी राजेन्द्र कुमार ने 22वें रोजे पर विशाल रोजा इफ्तार पार्टी देकर भाईचारे की मिसाल पेश की।

जजी रोड स्थित एक बैंकेट हॉल में हुये इस गंगा-जमुनी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले भर के रोजेदार अधिवक्ताओं व अन्य रोजेदारों तथा बहुसंख्यक सम्प्रदाय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पुरुखलूस माहौल में हुई इस सामूहिक रोज़ा इफ़्तार पार्टी में बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं वर्तमान प्रत्याशी बाबू बलवंत सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव विशाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एस.के. बबली, निरंकार सिंह व अजीत पंवार, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व चेयरमैन जावेद आफताब, वरिष्ठ सभासद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी भाई, वरिष्ठ अधिवक्ता मो. आरिफ खां बढ़ापुर, बुजुर्ग धर्मगुरु कारी हन्नान साहब, प्रसिद्ध समाजसेवी शमीम अहमद मामा, पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, सहायक शासकीय अधिवक्ता भालेन्द्र राठौर व मुकुल राठौर, समाजसेवी सुरेंद्र कुमार कपूर सहित भारी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुये। कार्यक्रम के आयोजक राजेन्द्र कुमार एड. एवं उनके पुत्र शुभम चौधरी एड. ने बेहद आत्मीयता व गर्मजोशी के साथ सभी का ख़ैरमक़दम किया। राजेंद्र कुमार की सादगी और इंसानियत व भाईचारे के जज़्बे की रोज़ेदारों ने सराहना की।

महिला अधिवक्ता भी शामिल हुईं

रोज़ा इफ़्तार पार्टी में काफी संख्या में महिला अधिवक्ताओं ने भी शिरकत की, जिनके लिये अलग इफ़्तार की व्यवस्था की गई थी।

नमाज़ और भोजन की भी व्यवस्था की

इफ़्तार के बाद बैंकेट हॉल में ही नमाज और खाने की भी व्यवस्था की गई। क़ारी हन्नान साहब ने नमाज अदा करायी। महिलाओं के लिये अलग पर्दे में नमाज की व्यवस्था की गई थी।

चौहान साहब के विचारों से प्रेरणा मिली

आयोजक राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने कहा कि सामूहिक रोज़ा इफ़्तार कार्यक्रम भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। उन्होंने खुद को प्रसिद्ध पत्रकार बाबू सिंह चौहान की पाठशाला का विद्यार्थी बताते हुये ने कहा कि उन्हीं के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने रोजा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया है, क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों की आज के दौर में महती आवश्यकता है।

सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:27, शिया 6:37
चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:04, शिया-4:58

रासेयो शिविर में स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मोहम्मद आरिफ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फरहीन जहां, अल्फिया इमरान, हिमानी, समीर अहमद, तरुण श्रीवास्तव और शिवा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मौ. सलीम ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है, जो इंसान के शरीर, मन और सम्मान को दीमक की तरह चाट जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर अशोक कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने समस्त विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाते हुए इस दिशा में समर्पित रहने का संकल्प कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. राजकुमार तथा श्रीमती पूजा राजपूत का विशेष योगदान रहा।

मांग पूरी न होने पर तीन तलाक़ दी, मामला दर्ज

अफजलगढ़ (चिंगारी)। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा तीन तलाक़ देने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी एक महिला ने नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी अपने पति व अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाया कि उसकी शादी वर्ष 2024 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग नगदी व कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसका उत्पीड़न किया जाता था, जिससे परेशान होकर वह मायके आ गई थी। पीड़िता का आरोप है कि 5 फरवरी 2026 को पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोग उसके मायके पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान पति ने उसे तीन तलाक़ दे दिया। बताया जाता है कि पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। स्थानीय पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रोडवेज पर मिला नई बस्ती के शाहनवाज का शव

बिजनौर (चिंगारी)। शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर गुरुवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नई बस्ती निवासी शाहनवाज के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार गुरूवार की सुबह करीब नौ बजे सूचना मिली कि बस स्टैंड पर गेट के समीप एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन चौकी प्रभारी कुलबीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां करीब 40 वर्ष का एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। देखने पर उसके शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त शाहनवाज (40) पुत्र नूर अहमद निवासी नई बस्ती-बी 23 शहर कोतवाली के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक शाहनवाज नशे का आदी था। नशे के चलते उसका पत्नी से तलाक़ हो गया था, वह अक्सर घर से गायब हो जाता था।

45 लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

कोटद्वार (चिंगारी)। जनपद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 45 लाख रुपये कीमत की 89.91 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों तस्कर गांजे को मुरादाबाद में एक व्यक्ति को देने के लिए ले जा रहे थे।

लैंसडौन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक लैन्सडाउन रमेश तनवर व प्रभारी सीआईयू रणजीत तोमर के नेतृत्व में लैन्सडाउन पुलिस एवं सीआइयू टीम द्वारा

लैंसडौन पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी।

थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके 07 एपी 3513 एवं यूपी 16 पीसी 0036 को रोककर उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से 89.81 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और वाहनों को भी सीज कर लिया। पूछताछ में दोनों की पहचान लव कुमार, उम्र 36 वर्ष, पुत्र स्व. वीर सिंह, निवासी छीना फॉर्म ढकिया गुलाबो रोड निकट छोटा गुरुद्वारा, काशीपुर, और यशवंत सिंह नेगी, पुत्र राय सिंह, निवासी ग्राम सतोल थाना नंदा नगर, जनपद चमोली, हाल पता काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर के तौर पर हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त गांजे को वे जगत निवासी मंगरू, पौड़ी गढ़वाल एवं रब्बू निवासी सरायखेत अल्मोड़ा से लेकर महिपाल, निवासी रतूपुरा ठाकुर, मुरादाबाद को देने के लिए ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

कण्वघाटी महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

कोटद्वार (चिंगारी)। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की पहल पर राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रो. हरीशचंद्र एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रियंवद ने किया। प्रियंवद ने छात्राओं को आगे आने व सभी क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास पर जोर देने की बात कही। डॉ. गीता रावत शाह ने छात्राओं से सामाजिक मर्यादाओं का पालन करते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपील की। वहीं डॉ. उषा सिंह ने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को विकसित करने व नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विनय देवलाल ने कहा कि समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच को बदलने की आवश्यकता है।

महाराणा प्रताप के घोड़े की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास

घटना पर रोष व्यक्त करते हुए क्षत्रिय समाज के बंधु।

धामपुर (चिंगारी)। आरएसएम चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा में चेतक घोड़े के ऊपर किसी शरारती तत्व द्वारा ईट रखकर उसे क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करने की सूचना पाकर क्षत्रिय समाज में रोष व्याप्त हो गया। इस मामले को लेकर आज प्रात: महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया व नशा मुक्ति अभियान के संयोजक सौरभ ठाकुर के नेतृत्व में क्षत्रिय बंधुओ ने महाराणा प्रताप स्मृति वाटिका पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस से शरारती तत्व का पता लगाकर उसके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही शरारती तत्व का पता लगा लिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अनिल कुमार, पंकज कुमार सिंह, चंद्रभान सिंह गहलोत, जितेंद्र सिंह, हरीराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, विपुल प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

विश्व गुर्दा दिवस पर चलाया अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। विश्व गुर्दा दिवस के अवसर पर किडनी-लीवर बचाओ जन जागरण अभियान के संयोजक नंदलाल धनगर और उनकी टीम द्वारा कौड़िया, बलभद्रपुर व हरसिंहपुर आदि क्षेत्रों में लोगों को गुर्दे की बढ़ती बीमारियों पर जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में अनियमित दिनचर्या व गलत खान पान व नशीले पदार्थों के सेवन के कारण गुर्दा संबधी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। वहीं लगातार एलौपैथी दवाइयों के सेवन से भी गुर्दा प्रभावित हो रहा हैं। इस बीमारी का उचित इलाज अभी तक संभव नहीं हो पाया है। इसलिए सावधानी ही गुर्दा रोगों से बचने का एकमात्र उपाय है। कहा कि दिनचर्या को नियमित कर व योग करने से गुर्दा संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान उनके साथ प्रवीण कुमार, संजय सिंह, विनोद कुमार, भगवान सिंह और आनंद प्रसाद आदि शामिल रहे।

पिक अप में ठूस-ठूस कर भरे हुये थे पशु, मामला दर्ज

नूरपुर (चिंगारी)। थानाक्षेत्र स्योहारा के गांव मीरापुर निवासी अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम समय करीब सात बजे स्योहारा मार्ग पर एक पिकअप गाड़ी चालक गाड़ी में मानक क्षमता से अधिक गौवंशीय पशु जबर्दस्ती क्रूरतापूर्वक भरकर कहीं ले जा रहा है। उसने अपने साथियों के साथ गाड़ी को रोककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गाड़ी को कब्जे में लेकर पुलिस ने अभय प्रताप सिंह की तहरीर पर वाहन चालक शहाबुद्दीन पुत्र गुलज़ार निवासी ग्राम ढेला गुजर थाना क्षेत्र हीमपुर दीपा के ख़िलाफ़ पशु क्रूरता के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने आरोपी वाहन चालक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

किरायेदार ने महिला से की छेड़छाड़

नूरपुर (चिंगारी)। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादाब नामक युवक उसके घर मे करीब डेढ़ वर्ष से किराए पर रहता था। महिला का आरोप है कि उक्त युवक उस पर बुरी नज़र रखने लगा तथा गत 2 मार्च की सुबह समय करीब सात बजे युवक ने पीछे से आकर बुरी नीयत से उसे दबोच लिया। महिला के शोर मचाने पर युवक उसे छोड़कर फरार हो गया। महिला ने पुलिस से आरोपी युवक के ख़िलाफ़ कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी युवक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने आरोपी युवक के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

युवती ने प्रेमी के घर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन किया

धामपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मधी में एक विवाहिता युवती ने अपने प्रेमी के घर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बाहर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलादीनपुर भटपुरा निवासी आरती पुत्री स्वर्गीय मुंशी रामपाल का विवाह ग्राम मनकुआ निवासी संजीव कुमार के साथ लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था। उनके एक बच्चा भी है। बताया जाता है कि आरती ने अपने पति संजीव को छोड़ दिया है और आजकल वह अपने मायके में रह रही है। इसी बीच आरती का मिलना-जुलना ग्राम मधी निवासी प्रियांशु से होने लगा। प्रियांशु और आरती उत्तराखंड में एक ही स्थान पर नौकरी करते थे, तभी से इनके बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, परंतु आरती के परिजनों ने उसका विवाह ग्राम मनकुआ निवासी संजीव के साथ कर दिया था। मायके में रह रही आरती अपने प्रेमी प्रियांशु चौहान से मिलने उसके घर पहुंच गई, जहां किसी बात पर दोनों में तकरार हो गई, जिससे क्षुब्ध होकर आरती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। विवेचना एस आई पवन कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मई 2025 में भी इन दोनों के बीच विवाद हो गया था जिसका फैसला पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने कराया था। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस कांस्टेबिल ने तत्परता दिखाई, गुम हुई 1.30 लाख की रकम वापस कराई

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर से शेरकोट जा रहे एक व्यापारी का 1 लाख 30 रुपए से भरा थैला जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास गिर गया। जिसकी सूचना पाते ही पुलिस चौकी जैतरा पर तैनात कांस्टेबल शराफत अली ने तत्परता दिखाते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली तथा रुपयो से भरा थैला ले जाने वाले व्यक्ति का पता लगाकर उसके पास मौजूद एक लाख तीस हजार रुपए की पूरी रकम व्यापारी को सौंप दी।

जानकारी के अनुसार शेरकोट में किराने की दुकान करने वाले मोहल्ला तैयब सराय निवासी मोहम्मद अनस पुत्र मोहम्मद इरशाद धामपुर में थोक की दुकान करने वाले व्यापारियों से सामान खरीदने के लिए आए थे। सामान खरीदने के बाद मोहम्मद अनस बाइक से जा रहे थे। उनकी बाइक पर एक लाख तीस हजार रुपए से भरा हुआ थैला टंगा हुआ था।

इसी बीच उनका थैला रेलवे लाइन के पास गिर गया। कुछ दूर जाने पर जब उन्हें

खोई हुई रकम वापस देते हुए कांस्टेबल शराफत अली।

एहसास हुआ कि उनका थैला कहीं गिर गया है तो उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की। लेकिन जब कोई भी व्यक्ति थैले के बारे में नहीं बता पाया तो वह जैतरा पुलिस चौकी पहुंचे तथा पुलिस कांस्टेबल शराफत अली को पूरी घटना बताई।

कांस्टेबल शराफत अली ने रेलवे क्रॉसिंग के आसपास की दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक व्यक्ति अपने हाथ में थैला पकड़े हुए पैदल ही पुलिस चौकी से नूरपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई दिया। कांस्टेबल शराफत अली तुरंत मोहम्मद अनस को साथ लेकर नूरपुर मार्ग की ओर चल दिये और आसपास के लोगों से पता चला कि वह व्यक्ति शौकीन सैनी है। कांस्टेबल शराफत अली ने शौकीन सैनी का पता लगाकर रकम वापस किए जाने की बात कही। शौकीन सैनी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए पूरी रकम लौटा दी। अपनी पूरी रकम पाकर मोहम्मद अनस ने शौकीन सैनी को अपनी ओर से एक हजार रुपए की धनराशि भेंट की तथा कांस्टेबल शराफत अली द्वारा दिखाई गई तत्परता की प्रशंसा की।

राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शनिवार, 14 मार्च 2026

मेष- किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधियों का वर्चस्व कम, अकल्पित लाभ।

वृषभ- आज दिन 9/33 बजे तक कठिनाइयां, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में कटुता, शेष समय में ग्रहस्थिति अनुकूल, शारीरिक सुख।

मिथुन- आज दिन 9/33 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परिजनों से सहयोग, शेष समय में घरेलू समस्याओं से मानसिक राहत, भौतिक सुख।

कर्क- कठिनाइयों का निराकरण, व्यावसायिक क्षेत्र में अपरिवर्तन, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, आपसी सलाह से कामयाबी, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित।

सिंह- साहसिक प्रयास प्रगति पर, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आहार-विहार में नवीनता, आपसी सम्बन्ध मधुर, इच्छित की प्राप्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- आज दिन 9/33 बजे तक सफलता में संदेह, आर्थिक निराशा, शंका-कुशंका से मतभेद, शेष समय शुभ, नौकरी में पदोन्नति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

तुला- आज दिन 9/33 बजे तक व्यापार में धन निवेश, कार्य क्षमता में वृद्धि, अकल्पित लाभ, शेष समय में प्रतिकूलता, स्वास्थ्य प्रभावी, जोखिम से हानि, विचारों में उग्रता।

वृश्चिक- नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में व्यय की अधिकता, दाम्पत्य जीवन मधुर, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, हर्ष भी।

धनु- पराक्रम से कार्य सफल, व्यवसाय में उपस्थित व्यवधान समाप्त, अकल्पित लाभ, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मनोविनोद के सुअवसर।

मकर- आज दिन 9/33 बजे तक असफलता, सुख शांति का अभाव, संकल्प-विकल्प की स्थिति, यात्रा में कष्ट, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, सुयश में वृद्धि।

कुम्भ- आज दिन 9/33 बजे तक समय उन्नतिकारक, आरोग्य सुख, योजना साकार, पठन-पाठन में रुचि, शेष समय विपरीत घटनाएँ घटित, सोचे हुए कार्य अधूरे।

मीन- कार्य व्यवसाय प्रगति की ओर अग्रसर, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में हल, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आवागमन में अनुकूलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

जेपी नड्डा होंगे टीएमयू दीक्षांत समारोह में ख़ास मेहमान

दीक्षांत समारोह में 6,041 उत्तीर्ण स्टुडेंट्स होंगे डिग्री से अलंकृत

108 गोल्ड मेडल्स के साथ 36 रिसर्च स्कॉलर्स को अवार्ड होंगी पीएच.डी की उपाधि

मुरादाबाद (चिंगारी)। 130 एकड़ में आच्छादित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का हरित कैंपस एक बार फिर दीक्षांत समारोह का गवाह बनेगा। अतिथियों और छात्र-छात्राओं के मंगल आगमन को भव्य पंडाल की तैयारी अंतिम चरण में है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि दीक्षांत समारोह में 14 मार्च को सुबह 10:30 बजे शिरकत करेंगे, वह करीब तीन घंटे कैंपस में रहेंगे।

उल्लेखनीय है, टीएमयू में बड़ी-बड़ी हस्तियों का मंगल आगमन होता रहा है। 2012 के प्रथम दीक्षांत समारोह में मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति श्री एपीजे अब्दुल कलाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे, जबकि 2024 में यूपी के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी भी यूनिवर्सिटी के डिग्री

अलंकरण समारोह में छात्रों को अपना आशीर्वाद दे चुके हैं। श्री नड्डा के साथ यूपी के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, यूपी के वित्तमंत्री श्री सुरेश खन्ना, भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इस समारोह में आने की सभी मेहमानों ने पुष्टि कर दी है। यह जानकारी देते हुए टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने बताया, दीक्षांत समारोह-2026 में 6,041 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिग्री से अलंकृत किया जाएगा। इनमें 36 रिसर्च स्कॉलर्स को पीएच.डी डिग्री अवार्ड की जाएगी। इनके अलावा 108 गोल्ड मेडलिस्ट, 105 रजत मेडलिस्ट एवं 98 कांस्य मेडलिस्ट भी अलंकृत होंगे। इस एकेडमिक प्रोसेशन के आगे-आगे बैंड, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस कैडेट्स, रेंजर्स एंड रोवर्स, यूनिवर्सिटी ध्वज के संग सीनियर मोस्ट टॉपर स्टुडेंट्स तथा सेंगोल संग संयुक्त कुलसचिव चलेंगे। दीक्षांत समारोह में 36 रिसर्च स्कॉलर्स सहित 3647 छात्रों, जबकि 2394 छात्राओं को डिग्री से अलंकृत किया जाएगा।

सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की इज़ाजत

अमेरिका ने 30 दिन की छूट दी, ईरान ने क्रूड 200 डॉलर पहुंचने की चेतावनी थी

नई दिल्ली (चिंगारी)। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। रूस के कई ऑयल टैंकर समुद्र में फंसे हैं। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों में ढील देने की बात कही थी। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। वहीं, ईरान चेतावनी दे चुका है कि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर के पार पहुंच सकती हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने गुरुवार को एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इसका मकसद दुनियाभर में तेल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों पर लगाम लग सके।

अमेरिका ने कहा- रूस को ज्यादा फायदा नहीं होगा

अमेरिका के ट्रेजरी मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक शॉर्ट-टर्म फैसला है और इससे रूस को कोई बहुत बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा। बेसेंट के मुताबिक रूस की कमाई का बड़ा हिस्सा तेल निकालने के वक्त लगने वाले टैक्स से आता है, जबकि यह छूट सिर्फ उस तेल के लिए है, जो पहले से ही ट्रांजिट (रास्ते) में है।

होटलों, रेस्तरां को केरोसिन और कोयले के इस्तेमाल की अनुमति मिलेगी

नयी दिल्ली (चिंगारी)। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पर दबाव कम करने के लिए होटलों और रेस्तरां में केरोसिन और कोयले के ईंधन के रूप में इस्तेमाल की अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा सीमित संख्या में वाणिज्यिक इस्तेमाल के सिलेंडरों की भी आपूर्ति की जायेगी, जिसके लिए राज्य सरकारों को प्राथमिकता के आधार पर लाभार्थियों की सूची बनानी होगी। सरकार ने गुरुवार को एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। इससे पहले शहरी क्षेत्रों के लिए यह अवधि 25 दिन कर दी गयी थी। सरकार की ओर से बताया गया कि पश्चिम एशियाई देशों से अब तक एक लाख 30 हजार भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं और विभिन्न देशों से उड़ानों का संचालन हो रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में फंसे विभिन्न देशों के जहाजों पर 78 भारतीय नाविक थे, जिनमें से 70 सुरक्षित निकाल लिये गये हैं, जबकि चार घायल हैं और दुर्भाग्य से तीन की मौत हुई है, जबकि एक लापता है।

आज का विचार

पिज़्ज़ा-मोमोज़ नहीं, दाल चावल से काम चलायें

-सत्यराज



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध 14वें दिन में प्रवेश कर गया है, क्योंकि खाड़ी देश ही ऊर्जा मतलब डीजल, पेट्रोल और गैस के मुख्य स्रोत हैं, सो पूरी दुनिया इस समय ऊर्जा के विकट संकट से गुजर रही है। भारतवर्ष भी अन्य देशों की भांति इस समस्या का सामना कर रहा है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर पर आंशिक प्रतिबंध लगा चुका है। सरकार का दावा है कि घरेलू गैस की कोई किल्लत नहीं है, मात्र ढाई दिन की देरी से घरेलू गैस सिलेंडर मिलेंगे, लेकिन अफ़वाह गैंग और विपदा में आर्थिक अवसर तलाश रहे जमाखोर सक्रिय हो गए हैं। मेरा मानना यह है कि ऐसे युद्ध काल में, जबकि (यह युद्ध हमारा है भी नहीं, हम लड़ भी नहीं रहे हैं) सामूहिक रूप से मिलकर इसका सामना करना होगा। घरेलू सिलेंडरों की लंबी-लंबी लाइनों की

स्थितियां हम एक दशक पहले के कॉलखंडों में भी देख चुके हैं। हालांकि उस समय किसी युद्ध का कारण नहीं था, केवल सिस्टम की कमजोरी मानी जा सकती है। वर्तमान में यह खाड़ी देशों द्वारा कम आपूर्ति होने से यह समस्या पैदा हुई है, सो काम तो सिस्टम को ही करना है। ऐसे कठिन समय में

हमें सरकार पर भरोसा करना होगा। किसी भी दलगत राजनीति की परिधि से बाहर निकालकर, इस वैश्विक समस्या का सामना करें। सरकार के दावों पर यकीन करें कि घरेलू गैस पर्याप्त है, जरूरतों से अधिक सिलेंडरों को जमा न करें और डीजल, पेट्रोल भी सीमित ही खरीदें। पड़ोसी देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। गैस और तेल की कीमत 400, 500 रु. प्रति लीटर पहुंच रही है। जनता सड़कों पर है। गोलियां चल रही हैं। बावजूद इसके 140 करोड़ आबादी का हमारा देश है, जहां दुनिया के किसी भी देश की तुलना में स्थितियां बेहतर हैं। होटल और स्ट्रीट फूड की सेवाएं धीमी हो गई हैं अथवा बंद हो गई हैं, कोई बात नहीं। राष्ट्रीय दायित्व समझें और घर के सादे, लेकिन पौष्टिक खाने से काम चलायें। थोड़े दिन पिज़्ज़ा मोमोज, होटल के महंगे और लजीज खाने नहीं, बल्कि घर के दाल-चावल खा सकते हैं।

वर्षों तक एक ही जगह होती रही ईद की नमाज और रामलीला

गंगा जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल

-नितिन दिनेश कौशिक

अफजलगढ़ (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सीमा पर स्थित कालागढ़ क्षेत्र वर्षों से आपसी भाईचारे, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल पेश करता आ रहा है। यहां एक ही स्थान पर ईद की नमाज अदा करने और भगवान श्रीराम के आदर्शों पर आधारित रामलीला का मंचन होने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जो क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बनी हुई है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती रही है।

जानकारी के अनुसार सूख स्रोत के निकट स्थित रामलीला मैदान (मनोरंजन क्लब वर्कचार्ज कॉलोनी) कालागढ़ में 1965 के बाद से ही ईद की नमाज अदा की जाती रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग यहां एकत्र होकर ईद की नमाज पढ़ते हैं। नमाज के अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से भी लोग यहां पहुंचते हैं और पूरे क्षेत्र में भाईचारे का वातावरण देखने को मिलता है। साथ ही, इसी मैदान में रामलीला का मंचन भी वर्षों तक होता रहा है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाता रहा है। इस आयोजन में क्षेत्र के सभी समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते थे, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश मजबूत होता रहा।

कालागढ़ में आपसी सौहार्द का सबसे बड़ा उदाहरण वर्ष 1970 का दशक माना जाता है, जब वकील अहमद

विजयदशमी पर मौजूद समिति के सदस्य।

श्री सनातन धर्म रामलीला समिति कालागढ़ के लगभग दस वर्षों तक निर्विरोध अध्यक्ष रहे। जिनके सहयोगियों में सावलराम सिंघल, पूर्व विधायक (निधौली कला) अनिल यादव, रामवृक्ष निषाद, ग्यारसी लाल, भगवानचंद्र अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता, हरिभान सिंह यादव, स्वर्णलाल दुग्गल, मशहूर शायर आदिल रशीद, बनारसीदास अग्रवाल, रामप्रकाश शर्मा, श्रीराम शर्मा, सुलाखन सिंह, परशुराम यादव, ठाकुर राजेंद्र सिंह, चौधरी मुकंदी सिंह यादव, सहोदर प्रसाद, ठेकेदार समर सिंह, चंद्रमोहन अग्रवाल व जितेंद्र कुमार वाली रहे, जिनके नेतृत्व में रामलीला का भव्य मंचन होता रहा। उस समय सभी समुदायों के लोग मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देते थे। रामलीला के मंचन से लेकर व्यवस्थाओं तक हर कार्य में सभी लोग मिल-जुलकर सहयोग करते थे, जो आपसी विश्वास और भाईचारे की मिसाल थी। उस दौर में रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का सांस्कृतिक उत्सव बन जाती थी, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साह के साथ भाग लेते थे। कालागढ़ निवासी राजेश्वर कुमार ने बताया कि समय के साथ परिस्थितियों में बदलाव आने पर वर्ष 2009 से रामलीला का आयोजन नई कॉलोनी स्थित मनोरंजन क्लब में होने लगा। हालांकि स्थान बदलने के बाद भी ईद की नमाज आज भी उसी स्थान पर अदा की जाती है, जिससे क्षेत्र की पुरानी परंपरा और भाईचारे की भावना आज भी जीवित है।

आने वाली पीढ़ियां भी लेंगी प्रेरणा

आज जब देश और दुनिया में कई स्थानों पर आपसी तनाव और नफ़रत की घटनाएं देखने को मिलती हैं। ऐसे समय में कालागढ़ की यह परंपरा समाज को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देती है। यहां की यह गंगा-जमुनी संस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा बनी हुई है। साथ ही यह संदेश भी देती है कि जब समाज के लोग मिलकर एक-दूसरे के त्यौहारों और परंपराओं का सम्मान करते हैं, तब आपसी विश्वास और एकता और अधिक मजबूत होती है।

उत्तर प्रदेश में पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता: योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफ़वाहों पर चिंता जताते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में डीजल-पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें और अफ़वाहों पर ध्यान न दें। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर एलपीजी की मांग और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रदेश में कहीं भी कृत्रिम कमी पैदा न होने दी जाए और जिन उपभोक्ताओं ने गैस बुक कराई है, उन्हें नियमानुसार समयबद्ध तरीके से सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को अगली रिफिल की संभावित तिथि की जानकारी भी दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितना कि अफ़वाहों के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है। तेल कंपनियां प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति व वितरण की वास्तविक स्थिति से जनता को नियमित रूप से अवगत कराएं। उन्होंने कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई वितरक एजेंसी या व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट
आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक
*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

क्रान्तिकारी पत्रकार नरेन्द्र उनियाल की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

16 आन्दोलनकारियों को किया सम्मानित

कोटद्वार (चिंगारी)। क्रान्तिकारी पत्रकार अमर लोकतंत्र सेनानी नरेन्द्र उनियाल की 75 वीं जयंती के अवसर पर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 16 राज्य आंदोलकारियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में नरेन्द्र उनियाल के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें सादर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि, उन्होंने अपने साहस और प्रतिबद्धता से जनपक्षीय पत्रकारिता की परंपरा को मजबूत किया तथा नरेंद्र उनियाल उन पत्रकारों में थे, जिनके लिए पत्रकारिता केवल खबर लिखने का माध्यम नहीं थी, बल्कि समाज के संघर्षों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का दायित्व थी। उनके संपादन में प्रकाशित समाचार पत्र 'धधकता पहाड़' अपने समय में जनपक्षीय और निर्भीक पत्रकारिता का प्रतीक बन गया था। पहाड़ के सामाजिक-आर्थिकी के सवाल, आम लोगों की पीड़ा और क्षेत्रीय असमानताओं के मुद्दे इस अखबार के माध्यम से प्रभावी ढंग से उजागर किया जाता था। यही कारण रहा कि आपातकालीन समय तत्कालीन सरकार की आंख की किरकीरी रहे वे 19 माह तक जेल में रहे।

इस अवसर पर कोटद्वार विकास के रोडमैप के लिए एक दृष्टि पत्र भी जारी किया गया। दृष्टि पत्र में अनेक सवाल उठाये गये हैं। इस दृष्टि पत्र में कोटद्वार विकास को अवरूद्ध करने के लिए राज्य में गठित होने वाली सरकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए समाधान भी सुझाये गये हैं। दृष्टि पत्र में कहा गया है कि, राज्य सरकारों ने स्थानीय जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र उनियाल थे। सत्य प्रकाश थपलियाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ पत्रकार सूरज कुकरेती, डॉ. शक्ति शैल कपरवाण, शिव प्रकाश कुकरेती, राजीव गौड़, मुजीब नैथानी, चित्रमणी देवलियाल, विकास आर्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर 16 राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र नौटियाल ने किया।

सम्मानित होने वाले राज्य आंदोलनकारी

महेन्द्र सिंह रावत, भगवती प्रसाद कंडवाल, अशोक कंडारी, पंकज डबराल, पंकज उनियाल, प्रकाश बमराड़ा, संजू कश्यप, अभिमन्यु सिंह राव, विजय पाल सिंह, विनोद अग्रवाल, राजीव गौड़, राजेन्द्र सिंह नेगी, दलबीर सिंह, हरीश बहुखंडी, इकरामुद्दीन, रमेश चन्द्र, दिनेश धूलिया।

सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की **दिली मुबारकबाद**

शहज़ाद अहमद

जिला महासचिव बिजनौर

(आजाद समाज पार्टी कां.)

पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. (बिजनौर)

सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026

इफ्तार सुन्नी- 6:27, शिया 6:37

चौबीसवां रोजा : शनिवार, 14 मार्च 2026

खत्म सहरी : सुन्नी- 5:04, शिया-4:58

शहजाद अहमद

उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर गैस उपलब्ध करायें एजेंसी प्रबंधक

एसडीएम ने बैठक में प्रबंधकों को दिये निर्देश

कोटद्वार (चिंगारी)। घरेलू एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र की गैस एजेंसियों के प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दुरुपयोग की किसी भी स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियां जिला पूर्ति विभाग द्वारा गठित निरीक्षण टीम के साथ समन्वय बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो, इसके लिए एजेंसियां अपने गोदामों में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण सुनिश्चित करें और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। बैठक में नगर निगम कोटद्वार एवं नगर पालिका दुगड्डा क्षेत्र के गैस एजेंसी प्रबंधक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, नायब तहसीलदार कोटद्वार, बाटमाप निरीक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

गुर्दा दिवस पर एम्स में हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

गुर्दा रोग के लक्षण, बचाव व इलाज की जानकारी दी

ऋषिकेश (चिंगारी)। विश्व गुर्दा दिवस के उपलक्ष्य में एम्स में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मरीजों, तीमारदारों व अन्य लोगों को गुर्दे से सम्बन्धित बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें गुर्दा रोगों के लक्षण, बचाव और संस्थान द्वारा उपलब्ध कराये, जा रहे इलाज की जानकारी देते हुए अंगदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुर्दा रोग विभाग के एसो. प्रोफे. डॉ. दीपेश धूत ने किडनी रोगों और उनके लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में यह बीमारी अनियंत्रित बीपी और शुगर की वजह से पनपती है। उन्होंने क्रोनिक किडनी रोगियों को सलाह दी कि अपनी दिनचर्या के अनुरूप खान-पान को सही रखते हुए शरीर में पोटेशियम की मात्रा बढ़ने न दें और साथ ही क्रिएटिनिन बढ़ने पर बिना डॉक्टरी सलाह के दवा न छोड़ें। डॉ. दीपेश ने बताया कि किडनी रोगियों को बिना डॉक्टरी सलाह के पेन किलर दवा नहीं लेनी चाहिए। डायलेसिस करवाने वाले रोगियों को उन्होंने सलाह दी खानपान में परहेज रखकर उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन लेकर अपने भोजन में नमक कम रखें और केला, संतरा, आलू व नारियल पानी जैसे पोटेशियम पदार्थों से बचें। विभाग की एसो.प्रोफे.डॉ.शेरोन कंडारी ने उपस्थित समुदाय को गुर्दा प्रत्यारोपण और अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करते हुए जरूरतमंदों का जीवन बचाने के लिए किडनी डोनेट करने का आह्वान किया। इस दौरान स्वास्थ्य लाभ ले रहे कई किडनी रोगियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार अब वह स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम में जनरल मेडिसिन विभाग के हेड प्रोफेसर रविकांत, नेफ्रोलॉजी विभाग के विभिन्न एसआर, जेआर, नर्सिंग अधिकारी और रोगी व तीमारदारों सहित कई लोग मौजूद रहे।

एम्स कर चुका 22 लोगों में गुर्दा प्रत्यारोपण

ऋषिकेश। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शेरोन कंडारी ने बताया कि एम्स ऋषिकेश द्वारा अब तक गुर्दा प्रत्यारोपण के 22 मामले सफलता के साथ किए गए हैं। एम्स को एक उन्नत गुर्दा प्रत्यारोपण बताते हुए उन्होंने बताया कि ब्रेन डेथ घोषित हो चुके एक व्यक्ति के अंगदान से 8 जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। कहा कि दूसरों का जीवन बचाने वाला व्यक्ति महादानी होता है। देश में प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों को किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है। डॉ. कंडारी ने अंगदान से जुड़े सभी प्रकार के भ्रम दूर किए और कहा कि अंगदान प्रक्रिया में धर्म आड़े नहीं आता है। सभी धर्मों के लोग अंगदान कर सकते हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

सपा या कांग्रेस इतने चतुर नहीं कि चुनाव में मेरा इस्तेमाल कर सकें- शंकराचार्य

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि सपा, कांग्रेस या कोई भी राजनीतिक दल इतना चतुर नहीं है कि मुझे चुनाव में इस्तेमाल कर सके। हम किसी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि गंगा और गोरक्षा जैसे मुद्दों के लिए काम कर रहे हैं, जो पहले से भाजपा के भी प्रमुख विषय रहे हैं। चाहे तो भाजपा भी मेरे समर्थन में आ सकती है। चुनाव में किसी की चालाकी से मेरा इस्तेमाल हो जाना संभव नहीं है। ये बातें उन्होंने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहीं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती लखनऊ के हासेमऊ स्थित गोशाला में बृहस्पतिवार को गो पूजन कर गोरक्षा के लिए धर्मयुद्ध का ऐलान किया। इसी के साथ उन्होंने गो प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान की शुरुआत करते हुए चतुरंगिणी सेना बनाने की घोषणा की। शंकराचार्य ने ऋग्वेद के पद अहम् हनन् वृत्ते गविष्ठे का अनुयायियों से सामूहिक जाप कराया। तर्जनी उंगली उठाकर भगवान कृष्ण की चक्र मुद्रा का अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि यह धर्मयुद्ध गाय की रक्षा के लिए है। गाय को कष्ट देने वाले वृत्रासुर हमारे निशाने पर होंगे। जो लोग गाय को कष्ट पहुंचाते हैं, वे वृत्रासुर हैं। उनके अनुसार कसाईखाना चलाने वाले, गायों को वहां ले जाने वाले, सहयोग करने वाले और इसे होते देखकर भी मौन रहने वाले सभी वृत्रासुर की श्रेणी में आते हैं।

महालक्षमी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन

ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

Hero
आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताएँ:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताएँ:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएँ जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएँ उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स

BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
ORIZONE Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

होटल में स्टाफ की आवश्यकता
2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव
2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना
होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747